भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2980

उत्तर देने की तारीख : 05.12.2019

छोटे उद्यमियों के लिए सहायता

2980. श्री श्याम सिंह यादवः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या छोटे भारतीय उद्यमियों द्वारा बनाया गया सामान चीन द्वारा निर्मित सामान की समान श्रेणी की तुलना में महंगा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या घरेलू दैनिक उपयोग की वस्तुओं में चीन द्वारा निर्मित वस्तुओं के समान फिनिशिंग नहीं होती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार छोटे उद्यमियों को चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

(श्री नितिन गडकरी)

(क) से (घ) : विभिन्न उत्पादों का मूल्य और गुणवत्ता विभिन्न देशों में अलग-अलग होती है और यह समय के साथ बदलती रहती है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, सूक्ष्म और लघु उद्यमों की सहायता के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करता है ताकि वे अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ा सकें। इन योजनाओं/कार्यक्रमों में क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी-प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना (सीएलसीएस-टीयूएस); क्रेडिट गारंटी योजना; क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी योजना; क्लस्टर विकास कार्यक्रम; एमएसएमई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति और बाजार विकास सहायता योजना इत्यादि शामिल हैं।

****